भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1638**

(जिसका उत्तर सोमवार 31 जुलाई,/2023 9 श्रावण,) 1945 शक (को दिया जाना है (

**आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें**

**1638. श्री ए. राजा:**
**श्री ए.गणेशमूर्ति:**
**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले दो वर्षों के दौरान आवश्यक वस्तुओं और खाद्य उत्पादों विशेषकर सब्जियों, फलों, दालों, सरसों का तेल, मसूर, दूध, गेहूं, आटा, टमाटर आदि की कीमतों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि वर्ष 2014 की तुलना में आज तक इन वस्तुओं के मूल्यों में 200 प्रतिशत से 800 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आम आदमी को राहत देने और अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए सरकार द्वारा उच्च मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं अथवा किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): सरकार निर्दिष्ट मूल्य निगरानी केंद्रों पर 22 आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की निगरानी करती है। 2021 (अप्रैल-जुलाई), 2022 (अप्रैल-जुलाई) और 2023 (1 अप्रैल से 25 जुलाई) के दौरान 22 आवश्यक वस्तुओं की अखिल भारतीय खुदरा कीमतें अनुबंध-I में प्रस्तुत की गई हैं। इन वस्तुओं में फल शामिल नहीं हैं। 2022 (अप्रैल से जून) और 2023 (अप्रैल से जून) में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार फलों में मुद्रास्फीति पिछले दो वर्षों के दौरान क्रमश: 3.47 प्रतिशत और 1.40 रही थी। आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें कई कारकों, जैसे मांग और आपूर्ति में अंतर, ऋतुप्रभाव, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं, अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि, आदि से प्रभावित होती हैं। कभी-कभी, आपूर्ति श्रृंखला में मामूली व्यवधान या भारी बारिश के कारण क्षति होने से कृषि-बागवानी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी होती है।

(ग) और (घ): 25-07-2014 से 25-07-2023 के बीच उपर्युक्त 22 आवश्यक वस्तुओं में से किसी की औसत अखिल भारतीय खुदरा कीमतों में 200 प्रतिशत या अधिक की संचयी वृद्धि नहीं हुई है। तुअर/अरहर दाल, मूंगफली तेल और टमाटर के अलावा इन सभी वस्तुओं पर वार्षिक संयुक्त औसत वृद्धि दर (सीएजीआर) 6 प्रतिशत से कम थी। जुलाई 2023 में टमाटर की कीमत में वृद्धि फसल ऋतुप्रभाव, क्षेत्र-विशिष्ट फसल रोग, देश के उत्तरी हिस्से में मानसून की बारिश का तत्काल आगमन और भारी बारिश के कारण अलग-अलग क्षेत्रों में रसद व्यवधान के कारण है। अधिक आयात के बावजूद, तुअर/अरहर की कीमतों में वृद्धि, कम उत्पादन के कारण हुई।

(ङ) : सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और आम लोगों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को स्थिर करने के लिए कई उपाय किए हैं। इन उपायों में, अन्य बातों के साथ-साथ, बफर स्टॉक से निर्मुक्ति, स्टॉक सीमा लागू करना, जमाखोरी को रोकने के लिए संस्थाओं द्वारा घोषित स्टॉक की निगरानी, साथ ही आयात शुल्क को युक्तिसंगत बनाना, आयात कोटा में बदलाव और विशिष्ट वस्तुओं का निर्यात प्रतिबंध जैसे व्यापार नीति लिखतों में अपेक्षित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा, मुख्य मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए, सरकार ने समय-समय पर, निर्दिष्ट प्रमुख निविष्टियों पर आयात शुल्क और उत्पाद शुल्क को अंशांकित किया है। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए, एनसीसीएफ और एनएएफईडी ने दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रमुख खपत केंद्रों में निरंतर निपटान के लिए उत्पादक राज्यों से टमाटर की खरीद की है। मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए किए गए उपायों के अलावा, सरकार ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करके अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए कई उपाय किए हैं, साथ ही साथ, पूंजीगत व्यय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। केंद्रीय बजट, 2023-24 में स्थिर और मजबूत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई निवेश-अनुकूल उपाय भी शुरू किए गए।

*****

**अनुबंध-I**

**2021 (अप्रैल-जुलाई), 2022 (अप्रैल-जुलाई) और 2023 (1 अप्रैल से 25 जुलाई) के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमतें (रु. प्रति किलोग्राम)**

| वस्तुएं | 2021 (अप्रैल-जुलाई) | 2022 (अप्रैल-जुलाई) | 2023 (1 अप्रैल-25 जुलाई) |
|---|---|---|---|
| चावल | 36.0 | 36.2 | 39.7 |
| गेहूँ | 26.6 | 29.5 | 31.6 |
| आटा (गेहूं) | 30.2 | 33.2 | 36.8 |
| चने की दाल | 75.9 | 73.8 | 74.1 |
| तूर/अरहर दाल | 107.1 | 103.0 | 124.1 |
| उड़द की दाल | 108.9 | 104.5 | 110.6 |
| मूंग की दाल | 105.7 | 102.3 | 108.8 |
| मसूर की दाल | 85.4 | 96.4 | 92.4 |
| मूँगफली का तेल (पैक्ड) | 175.8 | 190.8 | 190.8 |
| सरसो तेल (पैक्ड) | 165.5 | 187.0 | 157.0 |
| वनस्पति तेल (पैक्ड) | 129.8 | 161.3 | 131.5 |
| सोया तेल (पैक्ड) | 147.9 | 167.7 | 139.3 |
| सूरजमुखी का तेल (पैक्ड) | 168.9 | 186.6 | 154.2 |
| पाम तेल (पैक्ड) | 129.7 | 149.8 | 111.9 |
| आलू | 19.4 | 23.8 | 21.2 |
| प्याज | 25.9 | 24.6 | 23.4 |
| टमाटर | 21.2 | 40.3 | 46.5 (*) |
| चीनी | 39.6 | 41.5 | 42.5 |
| गुड़ | 46.7 | 48.3 | 49.9 |
| दूध (रु./लीटर) | 48.8 | 51.6 | 57.2 |
| चाय खुली | 276.2 | 284.0 | 275.6 |
| नमक (आयोडीन युक्त) | 18.0 | 19.5 | 22.0 |

स्रोत: उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए)

(*) वर्ष 2023 के अप्रैल, मई, जून और जुलाई (25 जुलाई तक) के दौरान देश में सभी निगरानी केंद्रों के लिए प्रति किलोग्राम टमाटर का औसत खुदरा मूल्य क्रमशः 23.2 रु., 23.6 रु., 32.6 रु. और 106.6 रु. था।